प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
दिनांक 05.02.2025 समय: 7.10 PM

मुख्य समाचार...

- महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा- संगम पर स्नान करना एक दिव्य जुड़ाव का क्षण ।
- प्रदेश में 7 हजार 900 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मिली ई-स्कूटी, बाकी विद्यार्थियों को भी जल्द मिलेगी।
- जल लाए धन-धान्य थीम पर आधारित वाटरशेड यात्रा का शुभारंभ,श्रेष्ठ परियोजनाओं को मिलेगा 20 लाख का पुरस्कार।
- सात और नगरीय निकायों में नल से जल पहुंचाने का काम हुआ पूरा, डेढ़ लाख से ज्यादा आबादी को हुआ लाभ।

प्रधानमंत्री-त्रिवेणी संगम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रयागराज के महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। एक सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि संगम पर स्नान करना एक दिव्य जुड़ाव का क्षण है। उन्होंने कहा कि इसमें भाग लेने वाले करोड़ों अन्य लोगों की तरह वे भी भक्ति की भावना से भर गए। श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि मां गंगा देशवासियों को शांति, ज्ञान, अच्छे स्वास्थ्य और सद्भाव का आशीर्वाद देंगी।

स्कूटी वितरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मेधावी विद्यार्थियों को ई-स्कूटी वितरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए योग्यता के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और संस्कारों का अनुसरण आवश्यक है। नैतिक मूल्यों का अनुसरण करते हुए सबके हित और सबके सुख का ध्यान रखकर किए गए कार्य न केवल समाज अपितु राष्ट्र की प्रगति में विद्यार्थियों के योगदान का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने समारोह में 10 मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी की चाबी प्रदान की । माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की परीक्षा में शासकीय विद्यालयों के टॉपर्स को स्कूटी प्रदान करने की इस योजना के अंतर्गत संपूर्ण प्रदेश में 7 हजार 900 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को ई-स्कूटी प्रदान की जा रही है।

निर्वाचन आयुक्त वार्षिक कॉन्फ्रेंस

विभिन्न राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस पेंच जिला सिवनी में एक से 4 मार्च तक आयोजित की जायेगी। इस कॉन्फ्रेंस में लगभग 25 राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त शामिल होंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में विभिन्न राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त स्थानीय निकायों के निर्वाचन के दौरान आईं चुनौतियों तथा उनसे निपटने के उपायों पर चर्चा करेंगे। साथ ही नवाचारों और सुधारों से भी अवगत करायेंगे। इस दौरान स्थानीय निकायों के निर्वाचन में नई तकनीकों के उपयोग पर भी चर्चा होगी।

शहडोल नयी खेती
शहडोल जिले में औषधीय उपयोग में आने वाले वनोपज हर्रा के साथ अब इसकी पत्तियां भी आदिवासी परिवारों के आय का जरिया बनेंगी। अब तक हर्रा के फलों का ही कलेक्शन होता था। पहली बार जिले में इसकी पत्तियां भी खरीदी जा रही हैं। इन पत्तियों का औषधि के रूप में उपयोग किया जाएगा। जिले में औषधि खेती को बढ़ावा देने के लिए कालमेघ की खेती को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। कालमेघ की पत्तियों के साथ इसका फल भी कई रोगों के उपचार में कारगर है। इसके लिए किसानों को प्रशिक्षित किया जाएगा। आने वाले सीजन में 50 एकड़ में कालमेघ की खेती का लक्ष्य रखा गया है।

वाटरशेड यात्रा
केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल लाए धन-धान्य, थीम पर आधारित वाटरशेड यात्रा का शुभारंभ किया। अभियान के तहत 805 परियोजनाओं में लगभग 60 से 90 दिनों तक वाटरशेड यात्रा वैन चलेगी, जो 26 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 6 हजार 673 ग्राम पंचायतों के 13 हजार 587 गांवों तक जाएगी। वाटरशेड यात्रा को लेकर श्री चौहान ने कहा कि जल हमारे जीवन का आधार है, जल है तो जीवन है। इसलिए मैं आह्वान करता हूँ, अपने लिए और अपनों के लिए पानी और मिट्टी बचाएं।

शिवराज सिंह चौहान
जल प्रदाय योजना
मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा जबलपुर परियोजना इकाई के अतंर्गत 7 नगरीय निकायों में जल प्रदाय योजना का काम पूरा कर लिया गया है। इनमें भेड़ाघाट, पाटन, कटंगी, मझौली, पनागर, सिहोरा और दमोह जिले का तेंदूखेड़ा शामिल हैं। हर घर नल से शुद्ध जल पहुँचे, इसके लिए 159 किलोमीटर की मुख्य पाईप लाईन और 328 किलोमीटर की वितरण पाईप लाईन बिछाई गई है। योजना से 7 नगरों में 32 हजार से अधिक घरों को नल कनेक्शन दिए गए हैं। इन नगरों की 1 लाख 62 हजार की आबादी लाभान्वित हो रही है। इस योजना को 30 वर्षों की जनसंख्या वृद्धि के मद्देनजर तैयार किया गया है।

भावना पर्वतारोहण सफलता

पर्वतारोही और 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान की ब्रांड एंबेसडर भावना डेहरिया ने दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी 6 हजार 961 मीटर की माउंट अकोंकागुआ पर सफलतापूर्वक तिरंगा फहराया है। भावना ने सात महाद्वीपों के सबसे ऊँचे शिखरों को फतह करने के अभियान में यह पांचवीं चोटी सफलतापूर्वक पार की।

भावना डेहरिया,पर्वतारोही

निशुल्क कैंसर जांच-छतरपुर

जिला चिकित्सालय छतरपुर प्रदेश का पहला अस्पताल है, जहां पर फाइन नीडल एस्पिरेशन साइटोलॉजी-एफ.एन.ए.सी. जैसी महंगी एवं विशेष जांच निःशुल्क की जा रही हैं। इस जांच से समय रहते कैंसर जैसी घातक बीमारियों का पता चल जाता है जिससे रोगी का त्वरित रूप उपचार हो सके। सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता ने बताया कि एफ.एन.ए.सी. एक महत्वपूर्ण जांच प्रक्रिया है जिसका उपयोग शरीर में गांठ की जांच के लिए किया जाता है जो कैंसर जैसी घातक बीमारियों का पता लगाने में मदद करती है।

समाचार संक्षेप में....

- मध्य प्रदेश सरकार का समग्र पोर्टल 7 फरवरी से 15 फरवरी तक अपडेशन कार्य के चलते बंद रहेगा। इस दौरान कुछ जरूरी कार्य बाधित हो सकते हैं।
- शिवपुरी में कल नेता जी सुभाष चंद्र बोस के साथी और आजाद हिंद फौज में कर्नल रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पद्मभूषण स्व. कर्नल गुरबख्श सिंह ढिल्लन की पुण्यतिथि मनाई जाएगी।
- नगरीय निकायों के पुराने पोर्टल को अपग्रेड कर ई—नगर पालिका 2.0 तैयार किया गया है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरुआत चिन्हित निकायों में की जा रही है। इसमें शहडोल जिले का जयसिंह नगर नगर परिषद को भी शामिल किया गया है।
- खंडवा जिले में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया की 660 मेगावाट की इकाई नंबर 3 ने दैनिक विद्युत उत्पादन का नया रिकार्ड बनाया है ।
- छिंदवाड़ा में विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा शासकीय पेंचव्हेली स्नातकोत्तर महाविद्यालय परासिया में तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।
- सीहोर के जिला आयुष विभाग ने आज श्यामपुर विकासखंड के ग्राम महुआखेडी में निशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
- और

- सतपुड़ा चलचित्र समिति और विश्व संवाद केंद्र, मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में 8-9 मार्च को ग्वालियर में 'ग्वालियर फ़िल्म फेस्टिवल' का आयोजन किया जा रहा है। फेस्टिवल के पोस्टर का विमोचन आज भोपाल में किया गया।

---------------------------